क्रमांक-1

# मध्यप्रदेश विधान सभा

## संक्षिप्त कार्य विवरण (पत्रक भाग-एक)

**सोमवार, दिनांक 21 फरवरी, 2011 (फाल्गुन 2, 1932)**

**विधान सभा पूर्वाह्न 10.32 बजे समवेत हुई.**

**अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.**

### 1. राष्ट्रगीत

सदन की कार्यवाही राष्ट्रगीत "वन्देमातरम्" के गायन से प्रारंभ हुई.

### 2. महामहिम राज्यपाल महोदय का अभिभाषण

अध्यक्ष महोदय द्वारा घोषणा की गई कि अब सदन राज्यपाल महोदय के आगमन की प्रतीक्षा करेगा.
राज्यपाल महोदय का चल समारोह के साथ सभा भवन में आगमन हुआ.
राज्यपाल महोदय, श्री रामेश्वर ठाकुर ने अभिभाषण दिया.
राज्यपाल महोदय ने चल समारोह के साथ प्रस्थान किया.

**अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए**

### 3. महामहिम राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव

श्रीमती नीता पटेरिया, सदस्य ने प्रस्ताव किया कि "राज्यपाल महोदय ने जो अभिभाषण दिया, उसके लिए मध्यप्रदेश की विधान सभा के इस सत्र में समवेत सदस्यगण अत्यंत कृतज्ञ हैं."

श्री यशपालसिंह सिसौदिया, सदस्य ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया।

अध्यक्ष महोदय द्वारा राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर चर्चा के लिए दिनांक 23, 25 तथा 28 फरवरी, 2011 तक का समय नियत किया गया और घोषणा की कि कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव में संशोधन दिनांक 21 फरवरी, 2011 को अपराह्न 4.00 बजे तक विधान सभा सचिवालय में दिये जा सकते हैं।

पूर्वाह्न 11.37 बजे विधान सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 22 फरवरी, 2011 (फाल्गुन 3, 1932) के पूर्वाह्न 10.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई.

**डॉ. ए.के.पयासी**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा.**

**भोपाल :**
**दिनांक : 22 फरवरी, 2011**